Real Estate Regulatory Authority Madhya Pradesh | भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण मध्यप्रदेश
रेरा भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल दूरभाष-0755-2556760
Website:- www.rera.mp.gov.in, Email id- secretaryrera@mp.gov.in

क्रमांक 2022/II-P/F-05/F-4747/ भोपाल, दिनांक 07 अक्टूबर, 2022

प्रति,

सांईधाम डेव्हलपर्स,
सम्प्रवर्तक,
सिविल कोर्ट के पीछे, S.NO. 2093/1/1,
बदनावर, धार ( मध्य प्रदेश )

विषय: परियोजना- **सांई धाम, धार (P-BNW-21-2935)** के संबंध में ।
संदर्भ: आपका पत्र दिनांक 04-10-2022

\- O -

कृपया संदर्भित आपके आवेदन का स्मरण करें। पूर्व में जारी पंजीयन प्रमाण पत्र को निरस्त करते हुए परियोजना **सांई धाम, धार (P-BNW-21-2935)** हेतु संशोधित प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है, जो संलग्न है। निरस्त किए गए प्रमाण पत्र के साथ भेजे गए प्राधिकरण आदेश में उल्लेखित शर्ते यथावत रहेगी।

कृपया उपर्युक्तानुसार सूचना आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्प्रेषित है।

**संलग्न - उपरोक्तानुसार।**

(नीरज दुबे)
सचिव
म०प्र० भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण

**म.प्र. भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण**
रेरा भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल दूरभाष-0755-2556340, 2556760
Website:- www.rera.mp.gov.in, Email id- secretaryrera@mp.gov.in

F 6-DRI W-05/2021
क्रमांक ~~/रेरा/ पंजी/ 2021/~~ भोपाल, दिनांक 18/10/21

प्रति,

सांईधाम डेव्हलपर्स,
सम्प्रवर्तक, सांई धाम,
बिहाईंड सिविल कोर्ट, S.No. 2093/1/1,
बदनावर जिला धार

विषय- परियोजना- सांई धाम, बदनावर, धार (प्रोजेक्ट क्र.- 808553053904) के संबंध में।
संदर्भ- परियोजना में सुनवाई दिनांक 07-10-2021

-O-

कृपया उपर्युक्त संदर्भित दिनांक 07-10-2021 प्राधिकरण द्वारा की गई सुनवाई का स्मरण करे, जिसमें कि परियोजना सांई धाम, बदनावर, धार सशर्त मान्य किया गया है। परियोजना को पंजीयन क्र.- P-BNW-21-2935 आवंटित किया गया है। ***परियोजना प्रमाण पत्र संलग्न है।***

प्राधिकरण के आदेशानुसार मुझे यह सूचित करने के निर्देश है कि उक्त पंजीयन भू-सम्पदा(विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016 की धारा 11 एवं भू-सम्पदा(विनियमन एवं विकास) नियम 2017 के नियम 9, 14, 15 एवं 16 में उल्लेखित प्रावधानों के अध्यधीन मान्य किया गया है।

*" 1. अधिनियम की धारा 2 (यट) के अनुसार परियोजना में निम्नानुसार सम्प्रवर्तक होंगे:-*

*I. सांई धाम, डेव्हलपर्स, धार*
*II. श्री कोक सिंह पवार पुत्र चन्द्र सिंह,*
*III. सुरेन्द्र सिंह पवार पि/पा कोक सिंह जी,*
*IV. शकुंतला देवा पवार पत्नी ईश्वर सिंह,*
*V. भानू प्रताप सिंह पवार पुत्र श्री कोक सिंह,*
*VI. कामनी देवी पत्नी नरेन्द्र,*
*VII. ललित संगरी पुत्र बाबूलाल जी,*
*VIII. विद्या परसाई पिता कन्हैया परसाई*

*उपरोक्त समस्त सम्प्रवर्तक परियोजना एवं आंवटितियों के साथ किये गये अनुबंध के लिए पृथक्तः एवं संयुक्ततः रूप से जवाबदेह होंगे।*

*2. कॉलोनाईजर लाईसेंस को नवीनीकृत कराकर सम्प्रवर्तक प्राधिकरण को 15 दिवस में उपलब्ध कराऐगा।"*

कृपया उपर्युक्तानुसार सूचना आवश्यक कार्यवाही हेतु संप्रेषित है।

**संलग्न - उपरोक्तानुसार।**

(निरुक्ति दुबे)
सचिव
म प्र भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण

Real Estate
Regulatroy Authority
Madhya Pradesh

रेरा भवन, अरेरा हिल, भोपाल, दूरभाष : 0755-2556340, 2556760
Website : www.rera.mp.gov.in, Email id : secretaryrera@mp.gov.in

म.प्र. भू-संपदा
विनियामक प्राधिकरण
मध्यप्रदेश

भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण मध्यप्रदेश Madhya Prades REAL ESTATE REGULATORY AUTHORITY

प्ररूप - ग, नियम 6-(1)

संशोधित

# परियोजना का पंजीयन प्रमाण पत्र

यह पंजीयन अधिनियम की धारा -5 के अंतर्गत निम्नलिखित परियोजना के लिये दिया जा रहा है

पंजीयन क्रमांक : P-BNW-21-2935

परियोजना का नाम : सांई धाम, धार

परियोजना का विवरण पता सहित :

1. व्यक्ति के मामले में : श्री/श्रीमती ........ पुत्र श्री/श्रीमती ........

........ तहसील ........ जिला ........ राज्य ........

अथवा

फर्म/सोसाइटी/कंपनी/सक्षम प्राधिकारी के मामले में : सांई धाम, डेव्हलपर्स

फर्म/सोसाइटी/कंपनी/सक्षम प्राधिकारी, इसका पंजीकृत कार्यालय/व्यापार का मुख्य स्थान सिविल कोर्ट के पीछे एस. नं. 2093/1/1, बदनावर- धार-म.प्र.

2. यह पंजीयन निम्नलिखित शर्तों के अधीन स्वीकृत किया गया है :
   - (i) संप्रवर्तक आवंटितियों के साथ विक्रय अनुबंध करेगा, जैसा कि मध्यप्रदेश भू-संपदा (विनियमन और विकास) नियम, 2017 के अनुलग्नक-A में प्रविहित किया गया है।
   - (ii) संप्रवर्तक अधिनियम की धारा-17 के अनुसार आवंटितिगण या उनके संगम के पक्ष में, जैसा भी मामला हो, प्रकोष्ठ या परियोजना के सामान्य क्षेत्रों में अविभाजित अनुपातिक हक सहित हस्तांतरण विलेख निष्पादित करेगा और इसका पंजीकरण करायेगा।
   - (iii) संप्रवर्तक अधिनियम की धारा-4 उपधारा-(2) खण्ड (I) उपखण्डं (D) के प्रावधान अनुसार आवंटितिगण से वसूली गई रकमों का 70 प्रतिशत, केवल निर्माण के खर्चों एवं भूमि की लागत को पूरा करने के लिये, एक अनुसूचित बैंक में बनाये रखे जाने वाले पृथक खाते में जमा करेगा।
   - (iv) पंजीयन दिनांक 07-10-2021 से प्रारंभ होकर दिनांक 31-12-2022 तक की अवधि के लिये विधिमान्य रहेगा, जब तक कि इसे भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण द्वारा अधिनियम की धारा-7 और मध्यप्रदेश भू-संपदा (विनियमन और विकास) नियम, 2017 के नियम-7 के अनुसार नवीकृत न कर दिया जावे।
   - (v) संप्रवर्तक अधिनियम और इसके अधीन बनाये गये नियमों तथा विनियमों के प्रावधानों का पालन करेगा।
   - (vi) संप्रवर्तक, जिस क्षेत्र में परियोजना का विकास किया जा रहा है वहां की अन्य किसी विधि के तत्समय प्रभावी प्रावधानों का उल्लंघन नहीं करेगा।
3. यदि संप्रवर्तक ऊपर उल्लेखित शर्तों को पूरा नहीं करता है तो भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण संप्रवर्तक के विरुद्ध अधिनियम, नियमों के प्रावधानों और विनियमों के अनुसार आवश्यक कार्यवाही कर सकता है, जिसमें उसे प्रदान किये गये पंजीयन का प्रतिसंहरण भी सम्मिलित किया जा सकता है।
4. उक्त परियोजना प्रकरण भू-संपदा (विनियमन एवं विकास) अधिनियम की धारा 9,11,13,14,15 एवं 16 में उल्लेखित प्रावधानों के अध्यधीन मान्य किया जाता है।

दिनांक : 06-10-2022

स्थान : भोपाल

प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा
म.प्र. भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण